भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 3038
उत्तर देने की तारीख 13 अगस्त, 2026
22 श्रावण, 1948 (शक)

खेलो इंडिया योजना

3038 श्री नीरज शेखरः

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) खेलो इंडिया योजना (केआईएस) के अंतर्गत विगत तीन वर्षों तथा चालू वर्ष के दौरान, आज की तारीख तक, वर्ष-वार और राज्य-वार आवंटित, जारी और उपयोग की गई निधियों का ब्यौरा क्या है; और

(ख) विगत पाँच वर्षों तथा चालू वर्ष के दौरान स्थापित खेल केंद्रों का, उनकी वर्तमान कार्यात्मक स्थिति सहित, राज्य-वार और वर्ष - वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री
(डॉ. मनसुख मांडविया)

(क) इस मंत्रालय में खेलो इंडिया स्कीम के अंतर्गत निधियां राज्य-वार नहीं, बल्कि स्कीम-वार आवंटित और जारी की जाती हैं। पिछले तीन वर्ष तथा चालू वर्ष के दौरान खेलो इंडिया स्कीम के अंतर्गत आवंटित और उपयोग की गई निधियों का विवरण निम्नानुसार है:

(**रुपये करोड़ में**)

वित्तीय वर्ष	**आवंटित निधि**	**किया गया व्यय**
2023-24	880.00	872.20
2024-25	746.54	620.75
2025-26	700.00	691.17
2026-27 (15.07.2026 **तक**)	924.35	257.22

(ख) खेलो इंडिया स्कीम के अंतर्गत विभिन्न खेल सुविधाओं, जैसे खेल अवसंरचना, खेलो इंडिया केंद्र (केआईसी), खेलो इंडिया राज्य उत्कृष्टता केंद्र (केआईएससीई) और खेलो इंडिया मान्यता प्राप्त अकादमियों (केआईएए) के साथ-साथ देशभर में खेलो इंडिया एथलीटों (केआईए) और कोचों का विवरण, जिसमें राज्य-वार स्थिति भी शामिल है, मंत्रालय के डैशबोर्ड https://dashboard.kheloindia.gov.in. पर पब्लिक डोमेन में उपलब्ध है।

राष्ट्रीय खेल विकास निधि (एनएसडीएफ) के अंतर्गत देशभर में सहायता प्राप्त विभिन्न खेल सुविधाओं का विवरण, जिसमें उनकी राज्य-वार स्थिति भी शामिल है, मंत्रालय के डैशबोर्ड http://www.nsdf.yas.gov.in/nsdf-glance.html. पर पब्लिक डोमेन में उपलब्ध है।

भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) द्वारा संचालित विभिन्न खेल सुविधाओं, जैसे राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र (एनसीओई), खेल प्रशिक्षण केंद्र (एसटीसी) और एसटीसी के विस्तार केंद्रों के साथ-साथ इन सुविधाओं में प्रशिक्षित एथलीटों का विवरण, जिसमें उनकी राज्य-वार स्थिति भी शामिल है, डैशबोर्ड https://sportsauthorityofindia.nic.in. पर पब्लिक डोमेन में उपलब्ध है।

****